भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2922

05 अगस्त, 2026 के लिए प्रश्न

खाद्यानों की औने-पौने दामों पर बिक्री

2922. श्री राहुल कस्वां:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार को राजस्थान के किसान संगठनों से खाद्यान्न की खरीद में विलंब के कारण किसानों को विवश होकर औने- पौने दामों पर बिक्री करने संबंधी कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) वर्तमान खरीद सीजन के दौरान राजस्थान में स्थापित फसल खरीद केंद्रों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान खरीद सीजन के दौरान उक्त राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अंतर्गत सफलतापूर्वक खरीदे गए खाद्यान्न की मात्रा का निर्धारित लक्ष्य की तुलना में ब्यौरा क्या है; और

(घ) खरीद प्रणाली का विकेंद्रीकरण करने तथा किसानों को विवश होकर औने-पौने दामों पर बिक्री करने से रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): राजस्थान सरकार ने सूचित किया है कि रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2026-27 के दौरान राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीद का प्रचालन निर्धारित समय पर शुरू हो गया और राजस्थान में किसान संगठनों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(ख): आरएमएस 2026-27 के दौरान राजस्थान में कुल 448 खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। आरएमएस 2026-27 के दौरान स्थापित खरीद केंद्रों का जिलावार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ग): आरएमएस 2026-27 के दौरान राजस्थान में 28.50 लाख टन के खरीद अनुमान की तुलना में कुल 27.12 लाख टन गेहूं की खरीद की गई है।

(घ): भारत सरकार ने राजस्थान सरकार के साथ विकेंद्रीकृत पद्धति (डीसीपी) के तहत केंद्र सरकार की ओर से प्रत्यक्ष रूप से और/या उसकी एजेंसियों के माध्यम से 9 जिलों में गेहूं की खरीद हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उपयोग केंद्रीय पूल में योगदान के लिए किया जाएगा। भारत सरकार ने राजस्थान सरकार को अन्य सभी जिलों को भी धीरे-धीरे विकेंद्रीकृत (डीसीपी) पद्धति की ओर स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक उपाय करने का प्रस्ताव दिया है।

मजबूरी में बिक्री को रोकने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम भी उठाए गए हैं:

i. खरीद प्रचालनों का समय पर प्रारंभ।
ii. पर्याप्त संख्या में खरीद केंद्रों की स्थापना।
iii. किसानों को एमएसपी का शीघ्र भुगतान।
iv. पर्याप्त कार्यबल और लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता।
v. जागरूकता अभियान आयोजित करना।
vi. गेहूं की खरीद के लिए पर्याप्त भंडारण क्षमता।
vii. राज्य खरीद एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 05.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2922 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आरएमएस 2026-27 के लिए गेहूं खरीद केंद्रों की जिलेवार संख्या									
क्र. सं.	**मंडल**	**जिला**	**एफसीआई**	**राजफेड**	**तिलम संघ**	**नैफेड**	**एनसीसीएफ**	**आरएसएफएससीएस**	**कुल**
1	अजमेर	अजमेर	2	0	0	0	0	0	2
2		ब्यावर	1	0	0	3	0	0	4
3		भीलवाड़ा	7	1	0	0	0	0	8
4		डीडवाना-कुचामन	0	0	0	0	0	0	0
5		टोंक	5	0	0	0	0	0	5
6		नागौर	0	0	0	0	0	0	0
कुल अजमेर मंडल			**15**	**1**	**0**	**3**	**0**	**0**	**19**
7	भरतपुर	भरतपुर	3	0	0	1	2	0	6
8		डीग	6	0	0	0	2	0	8
9		करौली	5	0	0	0	2	0	7
10		सवाई माधोपुर	5	0	0	0	0	0	5
11		धौलपुर	1	0	0	0	0	0	1
कुल भरतपुर मंडल			**20**	**0**	**0**	**1**	**6**	**0**	**27**
12	जयपुर	अलवर	8	0	0	0	0	0	8
13		खैरथल-तिजारा	3	0	0	0	0	0	3
14		जयपुर	3	0	0	0	0	0	3
15		कोटपूतली-बहरोड़	2	0	0	0	0	0	2
16		दौसा	7	0	0	0	0	0	7
17		सीकर	0	0	0	0	0	0	0
18		झुंझुनूं	4	0	0	0	0	0	4
कुल जयपुर मंडल			**27**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**27**
19	कोटा	कोटा	7	46	10	0	5	0	68
20		बूंदी	10	27	7	4	13	0	61
21		बारां	4	12	6	3	1	0	26
22		झालावाड़	4	5	12	3	0	0	24
कुल कोटा मंडल			**25**	**90**	**35**	**10**	**19**	**0**	**179**
23	उदयपुर	उदयपुर	2	0	0	0	0	0	2
24		सलूंबर	0	1	0	0	0	0	1
25		राजसमंद	5	0	0	1	0	0	6
26		डूंगरपुर	2	2	0	0	0	0	4

27		बांसवाड़ा	6	3	0	0	0	0	9
28		चित्तौड़गढ़	13	2	0	5	0	0	20
29		प्रतापगढ़	4	0	0	1	0	0	5
कुल उदयपुर मंडल			**32**	**8**	**0**	**7**	**0**	**0**	**47**
30	बीकानेर	बीकानेर	7	0	0	0	3	0	10
31		श्रीगंगानगर	24	0	21	3	3	5	56
32		हनुमानगढ़	17	0	8	39	4	6	74
33		चुरू	1	0	0	0	0	0	1
कुल बीकानेर मंडल			**49**	**0**	**29**	**42**	**10**	**11**	**141**
34	जोधपुर	जोधपुर	1	0	0	0	0	0	1
35		फलौदी	1	0	0	0	0	0	1
36		पाली	4	0	0	0	0	0	4
37		बाड़मेर	0	0	0	0	0	0	0
38		बालोतरा	0	0	0	0	0	0	0
39		जैसलमेर	0	0	0	0	0	0	0
40		जालौर	1	1	0	0	0	0	2
41		सिरोही	0	0	0	0	0	0	0
कुल जोधपुर मंडल			**7**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**8**
सकल योग			**175**	**100**	**64**	**63**	**35**	**11**	**448**

*****